दिनांक 12.02.2018

सेवा में,

सूचना अधिकारी
केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान,
सहारनपुर – 247001

विषय :– जन–सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत, सूचना हेतू प्रार्थना पत्र।

महोदय,

ज्ञात हुआ है कि पिछले सप्ताह संस्थान द्वारा लगभग 50 वर्ष पुराने कीमती शीशम के सूखे व हरे पेड कटवाकर बेचे गए है निवेदन यह कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत अद्योहस्ताक्षरी को निम्न बिन्दुओ की सूचना उपलब्ध कराने की कृपा करे। इस हेतू मै रूपए 10 नगद जमा कर रहा हूँ।

1. कृपया सूचित करे कि शीशम के कितने पेड कटवाकर और कितने पहले से टूट कर गिरे हुए पेड बेचे गए।
2. कृपया सूचित करे कि शीशम के इन पेडो के बेचने से पहले क्या संस्थान के द्वारा इन पेडो पर नंबरिंग करवाई गई थी।
3. कृपया सूचित करे कि शीशम के इन पेडो को किस संख्या से किस संख्या तक बेचे गए है।
4. कृपया सूचित करे कि शीशम के इन पेडो को बेचने से पहले क्या संस्थान द्वारा वन विभाग से इन पेडो का मूल्यांकन करवाया गया था।
5. संस्थान द्वारा मूल्याकंन हेतू वन विभाग को लिखे पत्र कि एक सत्यापित प्रति उपलबध करवाने की व्यवस्था करे।
6. कृपया सूचित करे कि संस्थान के उपरोक्त पत्र के जवाब में वन विभाग द्वारा क्या रिपोर्ट प्रेषित कि गई। उस पत्र की एक सत्यापित प्रति उपल्बध करने के व्यवस्था करे ।
7. कृपया बेचे गए शीशम के इन पेडो के वन विभाग द्वारा किए गए मूल्याकंन की रिपोर्ट कि एक सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने कष्ट करे।
8. बेचे गए शीशम के सभी पेडो का पृथक–पृथक घनत्व सूचित करने का कष्ट करे।
9. निविदा आमंत्रित करने हेतू समाचार पत्र मे प्रकाशित विज्ञापन की एक सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे।
10. दिनांक 07.02.2018 टैक्टर ट्रोलियो की सी0सी0 टी0पी फुटेज देने का कष्ट करे। पेन ड्राइव संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी।
11. जे.सी0 बी0 का नम्बर व कितने समय वह संस्थान मे रही उसकी भी सी0सी0 टी0पी फुटेज देने का कष्ट करे। पेन ड्राइव संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी।
12. कृपया सूचित करे कि संस्थान को शीशम की लकडी बेचने पर कुल कितनी राशि प्राप्त हुई।
13. इन पेडो को बेचने के लिए प्राप्त निविदाओ की, तथा खरीदार के पक्ष में विभाग द्वारा संस्थान के निदेशक का अनुमोदन लेने हेतू तैयार की गयी नोटिंग की, (निदेशक के अनुमोदन सहित) सत्यापित प्रतियां उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे।

इन सूचनाओ हेतू जो भी वाछिंत शुल्क होगा आपसे जानकारी मिलने पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।
कृपया उपरोक्त जानकारी बिन्दुवार पृथक – पृथक देने का कष्ट करे न कि 2 –2 , 3 – 3 बिन्दुओ को मिलाकर एक साथ।

धन्यवाद

प्रार्थी
गोपाल सिंह
गोपाल सिह
सी.पी.पी.आर.आई.